अमर उजाला 13/04/2023

# ईआरपी के विभिन्न मॉड्यूल के प्रयोग का दिया प्रशिक्षण

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज में कंप्यूटर विभाग द्वारा प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत ईआरपी के विभिन्न मॉड्यूल का प्रयोग कैसे करें विषय पर ट्रेनिंग दी गई।

प्राचार्य डॉ रोहित दत्त की अध्यक्षता में इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन करते हुए बताया कि तकनीकी युग में ईआरपी किसी भी महाविद्यालय के लिए रीढ की हड्डी है और इसके द्वारा बड़ी ही दक्षता से सारे काम किए जा सकते हैं।

कार्यक्रम संयोजिका प्रोफेसर उपिंदर कौर ने विस्तृत रूप से एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सॉफ्टवेयर से संबंधित सभी पहलुओं जैसे लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम को विस्तार से बताया और ईआरपी सॉफ्टवेयर का उपयोग करके किस प्रकार पेपरलेस वर्क किया जा सकता है

जिससे बेहतर दक्षता, समय और लागत की बचत भी होगी। इस प्रोग्राम का उद्देश्य शिक्षकों को तकनीकी रूप से अपग्रेड करना और सशक्त बनाना रहा । इस दौरान महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। संवाद